कार्यालय रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (मध्य कमान), करियप्पा मार्ग, लखनऊ छावनी -226002
Office of the Principal Controller of Defence Accounts (Central Command)
Cariappa Road, Cantt., Lucknow, Pin Code – 226002
कार्यालय दूरभाष सं.-0522-2451084 कार्यालय फैक्स सं.-0522-2453038
Office Phone No. 0522-2451084 Office Fax No. 0522-2453038
E-mail ID: pcdaccan1a@gmail.com

महत्वपूर्ण परिपत्र

प्रशा/1अ/1004/उपस्थिति पंजिका

दिनाँक: - 14/09/2020

सेवा में

प्रभारी अधिकारी
मुख्य कार्यालय के समस्त अनुभाग
समस्त उप कार्यालय

विषय: - कोरोना महामारी की रोकथाम हेतु।
संदर्भ: - इस कार्यालय का सम संख्यक परिपत्र दिनाँक 19/08/2020, 21/07/2020, 14/07/2020.

****

इस कार्यालय के संदर्भित परिपत्रों के द्वारा समय-समय पर कोरोना संक्रमण से बचाव हेतु दिशानिर्देश जारी किए जाते रहे है। इसके बावजूद भी संगठन के कुछ कार्यालयों में कोरोना संक्रमण के मामले पाये गये है, अतः अधिक सावधानी की आवश्यकता है।

कोरोना महामारी के बढ़ते प्रकोप को रोकने एवं संगठन में कार्यरत अधिकारियों/कर्मचारियों की सुरक्षा हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा पुनः निम्नलिखित दिशानिर्देश जारी किए गए है-

1. यदि किसी अधिकारी/कर्मचारी को कोरोना संक्रमण के लक्षण (सर्दी, जुखाम, खांसी, बुखार, शरीर में दर्द इत्यादि) महसूस होते है तो वह अपने अधिकारी को इसकी सूचना प्रेषित करें एवं घर से कार्य करने की अनुमति प्राप्त कर (Laptop अथवा अन्य एलेक्ट्रोनिक माध्यम से) घर से कार्य करें।
2. ऐसे अधिकारी/कर्मचारी, जिन्हे कोरोना संक्रमण के लक्षण महसूस होते है वे तत्काल अपना कोरोना जांच करायें एवं रिपोर्ट negative आने पर ही रिपोर्ट के साथ कार्यालय में उपस्थित हो।
3. इसके अतिरिक्त ऐसे अधिकारी/कर्मचारी जो किसी कोरोना संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आ चुके हो वे अनावश्यक रूप से कार्यालय में किसी के संपर्क में न आये एवं Social Distancing का पालन करते हुए अपने कार्य का सम्पादन करें।
4. समस्त अधिकारी/कर्मचारी Face Mask का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें, बार-बार साबुन से हाथ धोये एवं सैनेटाईजर का प्रयोग करें।

समस्त प्रभारी अधिकारी अपने अधीनस्थ अधिकारियों/कर्मचारियों से उपरोक्त दिशा निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें ताकि संगठन में कार्यरत अधिकारियों/कर्मचारियों को इस महामारी से बचाया जा सके।

(रंकज प्रकाश सिंह)
उप नियंत्रक (प्रशा)